QP – 081

III Semester B.C.A./B.Sc. (FAD/IDD) Examination, April/May 2021
(CBCS) (F+ R) (2019 – 20 and Onwards)
LANGUAGE HINDI – III
Natak, Sahityakaron ka Parichay Aur Sankshepan

Time : 3 Hours Max. Marks : 70

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द या वाक्य में लिखिए। **(1×10=10)**

1) चाणक्य मालविका को पत्र के साथ और क्या देता है ?
2) सिल्यूकस किसे 'भारत की साम्राज्ञी' होने का आशीर्वाद देता है ?
3) सिंहरण को आम्भीक के वार से कौन बचाता है ?
4) नंद सुवासिनी को कहाँ की रानी बना देता है ?
5) नंद किसे प्राणेश्वरी कहकर बलपूर्वक पकड लेता हैं ?
6) किसके स्नेहानुरोध पर सिंहरण तक्षशिला छोड़ने को तैयार हो जाता हैं ?
7) चाणक्य तक्षशिला के गुरुकुल में कौन-सा विषय पढ़ाते थे ?
8) अलका और सिंहरण को कौन बन्दी बनाता है ?
9) सिकंदर दाण्ड्यायन के आश्रम में किस उद्देश्य से जाता है ?
10) मालविका किस प्रदेश की राजकुमारी थी ?

II. किन्हीं **दो** अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। **(2×7=14)**

1) "स्वेच्छाचारी शासन का परिणाम तुमनें स्वयं देख लिया है; अब मंत्रिपरिषद की सम्मति से मगध और आर्यावर्त के कल्याण में लगो।"
2) "खींच ले ब्राह्मण की शिखा शूद्र के अन्न से पले हुए कुत्ते। खींच ले!"
3) "युद्ध में जिनसे तलवारे मिली थी, उनसे हाथ मिलाकर-मैत्री के हाथ मिलाकर जाना चाहता हूँ।"

III. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए: **(1×16=16)**

1) 'चंद्रगुप्त'नाटक की कथावस्तु की समीक्षा कीजिए।
2) 'चंद्रगुप्त' नाटक के आधार पर 'नंद' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

P.T.O.

IV. किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए : **(2×5=10)**

1) राक्षस।

2) सुवासिनी ।

3) शकटार।

V. किसी **एक** साहित्यकार का परिचय लिखिए। **(1×10=10)**

1) डॉ. सरगु कृष्णमूर्ती।

2) कबीर।

VI. निम्नलिखित अवतरण का **एक तिहाई** शब्दों में संक्षिप्तीकरण करते हुए एक उचित शीर्षक दीजिए। **(1×10=10)**

भारतवर्ष अपनी चित्रकला, शिल्पकला और वास्तुकला के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। आगरा में यमुना तट पर स्थित ताजमहल वास्तुकला का एक अद्भुत नमूना है। अपनी निर्माण कला के कारण यह विश्व के सात अजूबों में से एक है। सफेद संगमरमर बने ताज की अनुपम सुन्दरता को देखकर विदेशी पर्यटक दाँतो तले उँगली दबा लेते हैं। ताजमहल का निर्माण बादशाह शाहजहाँ ने अपनी बेगम मुमताज की याद में बनवाया था । इसका निर्माण लगभग बीस हजार मजदूरों ने बीस वर्षों में किया था । ताजमहल के प्रवेश द्वार पर लाल पत्थर लगे हैं, जिन पर पवित्र कुरान की आयते खुदी हुई हैं। ताज के गुंबद और मिनारे दूर से ही दिखाई देते हैं। ताजमहल संगमरमर के एक भव्य चबूतरे पर बना है। इसके चारों कोनों पर संगमरमर की चार मिनारें हैं। ताजमहल में शाहजहाँ की कब्रें हैं। शरद पूर्णिमा की चाँदनी रात में ताज ऐसा प्रतीत होता है, मानो दूध से नहाया हुआ है। अपनी सुन्दरता और कारीगरी के कारण यह पूरे विश्व में प्रसिद्ध हैं।